दिनांक 29.05.2017

आनन्द इजीनियरिंग कॉलेज को मिला प्रतिष्ठित ''ऐसोचैम'' द्वारा ''बेस्ट इंस्टीट्यूशन फॉर इंडस्ट्री अकेडमिया इंटरफेस अवार्ड 2017''

रांची, झारखंड के प्रतिष्ठित पॉच सितारा होटल बी0एन0आर0 चाणक्य में एक भव्य समारोह में भारत की प्रतिष्ठित संस्था ''एसोचैम'' द्वारा आयोजित नेशनल एजूकेशन एक्सीलेंस अवार्ड सम्मिट 2017 के राष्ट्रीय अधिवेशन में उच्च तकनीकी शिक्षा क्षेत्र में शारदा शिक्षा समूह के अग्रणी कॉलेज आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज, कीठम, आगरा को उसकी बेहतरीन कार्यशैली एवं उच्च तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों के तकनीकी कौशल विकास में अभूतपूर्व योगदान प्रदान करने के लिए '' **बेस्ट इंस्टीट्यूशन फॉर इंडस्ट्री अकेडमिया इंटरफेस अवार्ड 2017**'' प्रदान किया गया।

कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ0 जे0एस0यादव ने कॉलेज की ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर झारखंड सरकार के संसदीय कार्य मंत्री श्री सरयू राय रहे। एवं समारोह के विशिष्ठ अतिथि के तौर पर झारखंड राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव श्री अजय कुमार सिंह, ऐसोचैम के महासचिव श्री डी0एस0 रावत एवं माननीय न्यायाधीश रमेश कुमार रहे।

आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज को यह अवार्ड पिछले कई वर्षों से लगातार देश एवं विदेश की प्रतिष्ठित कंम्पनियों में छात्र–छात्राओं का प्लेसमेंट कराने के लिये प्रदान किया गया।

झारखंड सरकार के संसदीय कार्य मंत्री श्री सरयू राय ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज उत्तरी भारत का एकमात्र ऐसा तकनीकी संस्थान है जो छात्रों को इंजीनियरिंग की कई विधाओं में पारंगत करने के साथ–साथ उन्हें वो सारी सुविधायें प्रदान करता है जिससे वे अपने भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदर्शित करते रहें।

झारखंड राज्य के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा सचिव श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि शारदा शिक्षा समूह भारत के बड़े उद्योग समूहों से अपने छात्रों को शिक्षा के साथ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए प्रतिबद्ध है तथा हर साल बड़ी संख्या में छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए उनके द्वारा चुने गये क्षेत्र में प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करता है तथा उनके भविष्य में आने वाली तकनीकी कौशल का प्रशिक्षण देकर उन्हें बेहतर रोज़गार दिलाने में सहायता प्रदान करता है।

ऐसोचैम के महासचिव श्री डी0एस0 रावत ने कहा कि आनन्द इंजीरियरिंग कॉलेज में इंजीनियरों और प्रबंधकों को कौशल विकास द्वारा इंडस्ट्री रेडी करने के लिए विशेष प्रयास किये जाते हैं जिससे छात्र कॉलेज से ही प्लेसमेंट अच्छे पैकेज में लेकर निकलते हैं और ऐसे उल्लेखनीय योगदान के लिए आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज को यह विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया।

कॉलेज के निदेशक डा. अनिल किशोर सक्सेना ने बताया कि आनन्द इंजीरियरिंग कॉलेज को यह अवार्ड छात्रों को बेहतरीन प्रशिक्षण एवं रोजगार दिलाने में किए गये अथक प्रयास एवं गुणवत्तापरक शिक्षण प्रदान करने के कारण दिया गया है। संस्था में हर वर्ष कई सौ कंपनियॉ छात्रों को रोजगार देने के लिए आती हैं तथा संस्था छात्रों को हर संभवतः प्रशिक्षण द्वारा इस तरह से तैयार करती है जिससे वे उद्योग जगत में एन्ट्री लेवल में जाने के साथ ही अपना योगदान देना शुरु कर देते हैं।

शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री वाई.के. गुप्ता, अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप मेहता अधिशासी निदेशक प्रो0 वी0के0 शर्मा ने सभी फैकल्टी व स्टाफ को इस उपलब्धि पर बधाई दी और आगे और भी अधिक ऊँचाईयों को हासिल करने के लिए प्रेरित किया।